हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 1 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 33.0 डिग्री

12 महिलाओं ने मनाई आंवला नवमी आंवला पेड़ की...



14 खिलाड़ियों का उत्साह बारिश पर पड़ा भारी, प्रतिभागियों...





## खबर संक्षेप

### सांसद बृजमोहन करेंगे जिला स्तरीय राज्योत्सव का शुभारंभ



बलौदाबाजार। रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल जिला बलौदाबाजार - भाटापारा में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय राज्योत्सव क़े मुख्य अतिथि होंगे। मुख्य अतिथि द्वारा राज्योत्सव का शुभारंभ करने क़े साथ ही योजनाओं क़े तहत हितग्राहियों को सामग्री वितरण एवं उपलब्धियों क़े लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किये जायेंगे। जिला स्तरीय राज्योत्सव 2 से 4 नवम्बर तक पंडित चक्रपाणी शुक्ल हाईस्कूल मैदान में आयोजित होग़ा। गरिमामय एवं भव्य आयोजन हेतु जिला प्रशासन द्वारा युद्ध स्तर पर तैयारी की जा रही है। कलेक्टर दीपक सोनी ने सम्बंधित अधिकारियों को समय पर सभी तैयारी पूर्ण करने क़े निर्देश दिये हैं।

### भालूकोना में माई मेला एवं राऊत नृत्य महोत्सव 5 को

हिरमी रावन। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम भालूकोना (मोहरा) स्थित जय चितावर धाम में कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर भव्य माई मेला एवं राऊत नृत्य महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन आगामी बुधवार, 5 नवम्बर को किया जाएगा। आयोजन समिति के अनुसार कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 1 बजे से राऊत नृत्य महोत्सव के साथ होगा, वहीं शाम 7 बजे से लोक कला मंच के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इस अवसर पर प्रसिद्ध लोक गायिका द्रोपती साहू समूह द्वारा /"मन के पहुना द्रोपती के अंगना/" नामक विशेष प्रस्तुति दी जाएगी। यह आयोजन जय चितावर मंदिर विकास समिति एवं समस्त ग्रामवासी भालूकोना (मोहरा), ग्राम पंचायत मुसवाडीह के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य पारंपरिक लोकनृत्य राऊत नाचा की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित एवं प्रसारित करना है। इस अवसर पर समिति के सदस्यों सहित सरपंच अंजलि पवन कुमार सारथी ने कार्यक्रम में क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों से सादर आमंत्रण किया गया है कि वे परिवार सहित सम्मिलित होकर इस पावन आयोजन को सफल बनाएं।

### मड़वा धर्मशाला में हुआ चलित संविधान पाठशाला का आयोजन



गिधौरी। भारतीय संविधान प्रचारिणी सभा भारत के तत्वाधान में एकदिवसीय चलित संविधान पाठशाला का आयोजन मड़वा, गिरौदपुरी धाम धर्मशाला में विगत दिवस किया गया। मुख्य अतिथि श्याम टण्डन प्रदेश अध्यक्ष बसपा छत्तीसगढ़ एवं मुख्य वक्ता एडवोकेट धनीराम बंजारे राष्ट्रीय अध्यक्ष व संस्थापक भा.सं.प्र.स.,विशिष्ट अतिथियों में सी एस सांडे ब्लॉक अध्यक्ष प्रगतिशील सतनामी समाज कसडोल, प्रहलाद साहू जिलाध्यक्ष बसपा बलौदाबाजार, प्रवीण सिंह मल्होत्रा जिलाध्यक्ष बसपा सारंगढ़ बिलाईगढ़, मधुकर आदि शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन कन्हैया सोनवानी ने किया। उन्होंने कहा आज के संविधान पाठशाला में संविधान के अनुच्छेद 21, अनुच्छेद 15 , अनुच्छेद 375 और कई आर्टिकल को सामूहिक रूप से पढ़े। साथ ही साथ कार्यक्रम के चीफ़ स्पीकर एडवोकेट धनीराम बंजारे ने सभी आर्टिकल को उदाहरण समेत बहुत विस्तार से व्याख्या की। लोगों ने शामिल होकर संविधान पढ़ा। जन-जन तक भारतीय संविधान को पढ़ने पहुंचाने हेतु संविधान मेला लगाने की बात की।

# देवउठनी एकादशी आज, तुलसी विवाह के बाद शुरू हो जाएंगे मांगलिक कार्य, श्रद्धालु करेंगे तुलसी विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

खरोरा में इन दिनों के तुलसी विवाह के लिए गन्ना सजा बाजार में गया है। तुलसी विवाह के लिए गन्ने का मंडप सजाया है। बाजार में गन्ना 100 रुपये जोड़ी में बिक रहा है। आज को 'छोटी दिवाली' यानी जेठऊनी पर्व के लिए बाजार में हलचल शुरू हो गई है। दीपावली त्यौहार के बाद 12वें दिन देवउठनी पर्व मनाया जाता है। इस पर्व को तुलसी विवाह भी कहा जाता है। जेठऊनी पर्व को दिवाली त्यौहार को छोटे रूप की की संज्ञा दी जाती है। घरों में या त्यौहार के मौके पर दंपत्तियों की के सात फेरे भी कराए जाते हैं। ऐसी मान्यता है कि श्री



तुलसी का फेरा करने से जोड़ों की आयु लंबी होती है। वहीं घर-परिवार में समृद्धि भी आती है। तुलसी विवाह में घरों में खास। व्यंजन तैयार किए जाते हैं। दीपावली पर्व की तरह घरों की सजावट की जाती है। साथ ही आंगन को गोबर से लीपने के बाद आकर्षक रंगोली से सजाया जाता है।

**चार माह बाद जगेंगे देवता**

इधर देवउठनी पर्व को चार माह के शयन के बाद देवी-देवताओं के जागने से भी जोड़ा जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन के बाद मांगलिक कार्य किए जा सकते हैं। इस पर्व के बाद से वैवाहिक कार्यक्रमों की शुरुआत होती है। तुलसी विवाह के बाद ही शुभ कार्य किए जाते हैं।



**रन फॉर यूनिटी : सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर विविध आयोजन**

# रिमझिम फुहारों के बीच जनप्रतिनिधि, युवा अफसर- कर्मियों ने लगाई एकता की दौड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

देश क़े प्रथम उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती पर जिला पुलिस प्रशासन द्वारा शुक्रवार को 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया गया। रन फॉर यूनिटी में जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी और युवाओं ने रिमझिम फुहारों क़े बीच दौड़ लगाकर एकता का संदेश दिया

नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने जिला मुख्यालय बलौदाबाजार स्थित अम्बेडकर चौक से रन फॉर यूनिटी को हरी झंडी दिखाकर दौड़ को प्रारम्भ किया। दौड़ अम्बेडकर चौक से प्रारम्भ होकर पुलिस लाइन पर सम्पन्न हुई। यहां आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्री जैन ने उपस्थितों को एकता और अखंडता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत क़े प्रथम उप प्रधानमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्ल्भ भाई पटेल की 150 वीं जयंती पर आयोजित एकता दौड़ में सबकी सहभागिता रही। सरदार पटेल ने देशी रियासतों का एकीकरण कर देश की अखंडता और एकता को मजबूत किया। हमें उनके सन्देश को आत्मसात कर देश की एकता अखंडता एवं आपसी भाईचारा कायम रखना है। उन्होंने वर्तमान में साइबर सुरक्षा, सड़क दुर्घटना की समस्या को गंभीर बताते हुए सावधानी बरतने एवं नियमों का पालन व लोगों को जागरूक करने कहा।

**इनकी रही उपस्थिति:** इस अवसर पर भारत स्काउट गाइड क़े राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह, एसडीएम प्रकाश चंद्र कोरी, नरेश केशरवानी सहित अन्य अधिकारी -कर्मचारी उपस्थित थे।

देश की अखंडता और एकता की ली गई शपथ









## पुरानी रंजिश में हत्या, दोषी को मिला आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



पुरानी रंजिश के चलते चाकू से हमला कर हत्या करने के एक गंभीर मामले में, अपर सत्र न्यायालय भाटापारा ने आरोपी को आजीवन कारावास की सज़ा सुनाई है। अपर सत्र न्यायालय भाटापारा के न्यायाधीश सतीश कुमार जायसवाल ने ग्राम पटपर निवासी अभियुक्त दिनेश्वर उर्फ दीनू नवरंगे को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) के तहत दोषी पाते हुए यह दंड दिया। अपर लोक अभियोजक कैलाश यादव ने इस प्रकरण की जानकारी देते हुए बताया कि यह घटना थाना भाटापारा ग्रामीण अंतर्गत ग्राम पटपर की है। (मृतक की पत्नी) ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 14 जून 2023 की रात्रि लगभग 10:30 बजे उनके पति जवाहर डहरिया काम से घर आए और खाना खाकर टहल रहे थे। तभी लगभग 12 बजे रात्रि में आरोपी दिनेश्वर उर्फ दीनू नवरंगे (जो प्रार्थीया का भाई है) घर आया और अपने जीजा जी (जवाहर डहरिया) को ढूंढने लगा। कुछ देर बाद जब मृतक घर आकर मंजन कर रहे थे, तभी अचानक आरोपी दरवाजा धकेलकर घर के अंदर घुस गया। आरोपी ने चिल्लाते हुए कहा, आज तुझे जान से मार दूंगा और गाली गलौच करते हुए पुरानी रंजिश के कारण अपने हाथ में रखे चाकू से जवाहर डहरिया के पेट, छाती और पसली के पास वार किया और मौके से भाग गया। गंभीर रूप से घायल जवाहर डहरिया को परिजन तुरंत सरकारी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**कोर्ट ने सुनाया कठोर फैसला**

प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना पुलिस द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर, तत्कालिक निरीक्षक विनोद कुमार मंडावी द्वारा संपूर्ण विवेचना (जांच), जप्ती, पंचनामा और साक्षियों के कथन के बाद न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया। न्यायालय के समक्ष अभियोजन साक्षियों के बयान पूर्ण होने पर, अपर लोक अभियोजक कैलाश यादव ने अंतिम बहस में आरोपी को कठोरतम दंड देने का निवेदन किया। न्यायाधीश सतीश कुमार जायसवाल ने प्रकरण की गंभीरता, अभियोजन द्वारा प्रस्तुत किए गए ठोस साक्ष्य और गवाहों के बयानों का परिशीलन करते हुए अभियुक्त दिनेश्वर उर्फ दीनू नवरंगे को धारा 302 भा. द. संहिता के तहत आजीवन कारावास और 1,000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया। शासन की ओर से इस मामले की पैरवी अपर लोक अभियोजक कैलाश यादव द्वारा की गई।

## ट्रक की चपेट आया बाइक सवार शिक्षक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

■ पत्रकार ने तत्काल एम्बुलेंस बुलाकर भेजा बिलासपुर

गिधौरी से भटगांव मार्ग पर ग्राम घटमडवा में पेट्रोल पम्प के पास सारंगढ़ तरफ से आ रहे ट्रक चालक द्वारा बाइक सवार शिक्षक को जबरदस्त अपनी चपेट ले लिया। जिससे बाइक सवार शिक्षक की दाहिने हाथ ट्रक से कुचला जाने से गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसे आननफानन में युवा पत्रकार मदनलाल खाण्डेकर द्वारा एम्बुलेंस बुलाकर तत्काल घायल को बिलासपुर ईलाज के लिए भेजा गया है। ली जानकारी के अनुसार गिधौरी से भटगांव मार्ग पर ग्रह घटमडवा में करीबन 3.30 बजे के आसपास सारंगढ़ तरफ आ रही ट्रक क्र. ओडी 14 एम 3980 और उसी दिशा से शिक्षक जितेंद्र दुबे हाईस्कूल गिरसा पढ़ाकर बिलासपुर अपने घर जा रहा था। उसी बीच एक अन्य बाइक सवार लड़खड़ाते हुए बाइक चला रहा था। ट्रक चालक लड़खड़ाते हुए बाइक सवार को बचाने के चक्कर दूसरी बाइक बजाज पल्सर क्र. सी जी 13 यू एफ 7987 सवार शिक्षक जितेंद्र दुबे को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे बाइक सवार शिक्षक का दाहिना हाथ ट्रक ▶▶ शेष पेज 12 पर






## तुरतुरिया जा रही पिकअप पलटी, एक की मौत, 20 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुड़ा

■ लावर भोथीडीह से तुरतुरिया माता दर्शन को जा रही डोंगरीडीह के पास अनियंत्रित होकर पलटी

लवन थाना क्षेत्र ग्राम डोंगरीडीह मुख्य सड़क मार्ग पर ग्राम लावर भोथीडीह से तुरतुरिया माता दर्शन करने पीकअप में सवार लोग दर्शन करने जा रहे थे कि ग्राम डोंगरीडीह मुख्य सड़क मार्ग पर पहुंचे ही थे कि चालक की लापरवाही की वजह से पीकअप वाहन सी.जी. 07 ए. डब्ल्यू 4726 अनियंत्रित होकर पलट गई। इस वाहन में लगभग 30 से 35 लोग सवार थे। जो बिलासपुर जिले के अलग-अलग गांवों से तुरतुरिया जा रहे थे। इस घटना में एक व्यक्ति रामप्रसाद केंवट उम्र 55 वर्ष साकिन लावर भोथीडीह की गंभीर चोंट लगने पर अस्पताल पहुंचाया गया जहां ईलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पिकअप वाहन में सवार लगभग 18 से 20 लोगों चोटें आई है जिनका ईलाज चल रहा है। पिकअप वाहन चालक साखन साहू ग्राम ठाकुरदेवा के द्वारा जानबूझकर तेजगति एवं लापरवाही पूर्वक वाहन को चलाया गया जिसकी वजह से उक्त वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। उक्त घटना के बाद डोंगरीडीह के लोगों के द्वारा घायलों को निकालने एवं अस्पताल पहुंचाने में काफी मदद किये है। इस घटना में 20 लोगों को चोटें आई है। जिसमें से 5 लोगों को गंभीर होने पर सिम्स रिफर किया गया है। गंभीर घायलों में 10 महीने का बच्चा भी होना बताया गया जिसे बिलासपुर सिम्स अस्पताल भेजा गया। यह घटना बहुत ही दर्दनाक घटना थी। पिकअप वाहन पलटते ही लोगों की चीख पुकार मच गई। ▶▶ शेष पेज 12 पर



**सिंधी समाज एवं इष्टदेव श्री झूलेलाल जी के प्रति की गई थी अभद्र एवं आपत्तिजनक टिप्पणी**

# सिंधी समाज ने की अमित बघेल की गिरफ्तारी की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

विगत दिनों राजधानी रायपुर में छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति खंडित होने की घटना के दौरान अमित बघेल नामक व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया एवं सार्वजनिक मंचों पर सिंधी समाज सहित आराध्य इष्टदेव श्री झूलेलाल जी तथा अन्य समाजों के प्रति भी अत्यंत अभद्र, अमर्यादित एवं आपत्तिजनक टिप्पणियों की गई, जो कि निंदनीय है। सिंधी समाज बलौदाबाजार ने कलेक्टर, जिला पुलिस अधीक्षक, थाना प्रभारी सिटी कोतवाली को लिखित में शिकायत पत्र में उल्लेख किया है कि अमित बघेल की अमर्यादित टिप्पणी से पूरे छत्तीसगढ़ में तनाव की स्थिति निर्मित हो गई है। शांत प्रिय छत्तीसगढ़ राज्य सहित हमारे शांत प्रिय धर्म, जाति को उकसाने व आक्रोशित किए जाने का प्रयास कर राज्य, देश में दंगा-फसाद, अराजकता फैलाने का प्रयास किया जा रहा है। जन्म से भारत के रहने वाले भारतीय सिंधी को पाकिस्तानी के नाम से कहा जाना और इष्ट देव जो स्वयं जल देवता वरुण देव के अवतार हैं उन्हें अपमानित करना से साफ प्रतीत होता है कि अमित बघेल देश में हिंसा फैलाकर आमजनों को आपस में लड़ाकर राज करना चाह रहे हैं। समाज के लिए /"पाकिस्तानी सिंधी/" जैसे शब्दों का प्रयोग करना जो कि समाज की अस्मिता, मान-सम्मान एवं भारतीयता पर सीधा प्रहार है। यह बयान न केवल सांप्रदायिक वैमनस्य फैलाने वाला है, बल्कि भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत दंडनीय अपराध भी है। सिंधी समाज ने अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए अमित बघेल के विरुद्ध तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किए गए की मांग की हैं। ज्ञापन दौरान समाज के मुखिया इंद्रकुमार पंजवानी, अशोक कुमार माधवदास, अशोक कुमार मेघराजमल, चंद्रपाल परसवानी, नरेश गनशानी, अशोक रोहरा, ईश्वर हरिरमानी, सच्चिदानंद गोविंदानी, राजेश देवनानी, दिलीप पंजवानी, राजेश रोहरा, शंकर दुलानी, किशन पंजवानी, अशोक हरिरमानी, राजेश नागदेव, संजय रोहरा, संदीप हबलानी, सागर पंजवानी, हरेश चंदानी, जितेंद्र थदवानी, कमलेश पुरुषवानी, इंदु हेमनानी, धनराज देवनानी, दीपेश पंजवानी, देवानंद पंजवानी, राजेश गोविन्दनी, सुनील रोहरा, मुकेश परवानी, मनोज दयालानी आदि सैकड़ों संख्या में सिंधी समाज मौजूद रहा।



## अवैध शराब के खिलाफ खपराडीह की महिला कमांडो का हल्ला बोल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

भाटापारा क्षेत्र की ग्राम पंचायत खपराडीह में गांव की महिलाओं ने अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ एक बड़ा और साहसिक अभियान छेड़ दिया है। महिला कमांडो के रूप में संगठित ये महिलाएं अब गांव में शराब के अवैध कारोबार पर लाठी लेकर सतत निगरानी कर रही हैं। महिला कमांडो का कहना है कि वे गांव में सुख, शांति और समृद्धि स्थापित करने के लिए एकजुट हुई हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध शराब की बिक्री से गांव का माहौल खराब हो रहा था, जिसे रोकने के लिए सभी महिलाएं एक साथ आई हैं। हम सभी गांव की महिलाएं एकजुट हैं और अवैध शराब की बिक्री करने वालों के खिलाफ एकजुट होकर शराब की बिक्री बंद कराने की मुहिम में जुट गए हैं। इस अभियान को ग्राम पंचायत का भी पूर्ण समर्थन मिल रहा है। इस मुहिम में ग्राम पंचायत खपराडीह के सरपंच के ▶▶ शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप



### सशिमं खरोरा में आंवला वृक्ष का पूजन किया गया

खरोरा। स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा में आंवला नवमी के अवसर पर आंवला वृक्ष का पूजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अश्वनी पाटकर, आचार्य दीदियां एवं भैया बहनों के द्वारा पूजन एवं आरती किया गया। कहा जाता है कि आंवला वृक्ष में श्री विष्णु जी का वास होता है। आंवला नवमी के दिन ही श्री विष्णु जी ने अपने नाभि कमल से ब्रह्मा जी की उत्पत्ति की थी। आंवला वृक्ष में ब्रह्मा, विष्णु एवं महेश तीनों का ही वास होता है। आंवला वृक्ष केवल वृक्ष ही नहीं यह औषधि गुणों से भी परिपूर्ण है इसलिए यह पूजनीय है। विद्यालय स्तर पर आंवला वृक्ष की पूजा इसलिए की जाती है ताकि भैया /बहन अपनी संस्कृति के विषय में जान सके।

### महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस



सिमगा। राजीव गांधी शासकीय महाविद्यालय सिमगा में शुक्रवार को राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें छात्र -छात्राओं को सरदार वल्लभ भाई पटेल के स्वतंत्रता संग्राम में दिए गए योगदान की जानकारी के साथ 565 देशी रियासतों को कैसे अपनी सूझबूझ के द्वारा भारतीय संघ में शामिल करने के लिए तैयार किया गया की विस्तृत जानकारी दी गई। जिसमें विशेष रूप से जूनागढ़, जम्मू- कश्मीर और हैदराबाद इन तीन रियासतों के बारे में विस्तार से बताया गया कि कैसे इस जटिल प्रक्रिया को उन्होंने पूरा करवाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बीरू लाल बरगाह के द्वारा सभी को शपथ ग्रहण कराया गया कि राष्ट्रीय एकता और अखंडता में अपना योगदान देंगे और समाज को तोड़ने वाली चीजों में अपना ध्यान नहीं देंगे।

## पेज 11 के शेष

### तुरतुरिया जा रही...

वही, ग्राम डोंगरीडीह के लोगों ने भी मानवता की मिसाल पेश करते तुरंत लोगों को पिकअप वाहन से बाहर निकाले है। एक व्यक्ति गंभीर होने की वजह से कसडोल अस्पताल में मृत्यु हो गई। घटना के बाद लवन पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

### ट्रक की चपेट...

की चक्का में दब गया था। कुछ दूर तक घसीटता गया था। घायल व्यक्ति को ट्रक के नीचे बाहर निकाला गया । युवा पत्रकार मदन लाल खाण्डेकर ने तत्काल एम्बुलेंस बुलाकर इलाज के लिए बिलासपुर भेजा गया है । अन्य बाइक सवार दो व्यक्ति घटना स्थल पर बाइक छोड़कर कहीं चल गए। घटना के बाद गिधौरी पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को थाना भेजा गया। घटना की जांच एवं फरार ट्रक चालक की पतासाजी की जा रही है।

### अवैध शराब के....

साथ उपसरपंच रूपेश यादव, पंच भुनेश्वर, नर्सिंग, राजेंद्र और सभी महिला पंच भी सक्रिय रूप से साथ दे रहे हैं। पूरे गांव की महिलाएं अवैध शराब मुक्त गांव बनाने के लिए संकल्पित हैं, जिससे आने वाली पीढ़ी को बेहतर और सुरक्षित माहौल मिल सके।

**जयंती : लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती मनाई गई**

# जब देश के नागरिक का उद्देश्य एक हो, तो कोई भी चुनौती हमें विभाजित नहीं कर सकती : शिवरतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

भारत रत्न', लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर हम सभी हर्ष और गौरव के साथ उन्हें नमन अर्पित करते हैं, भाटापारा नगर में आयोजित रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा ने सहभागिता कर कार्यक्रम को सम्बोधित किया। शिवरतन शर्मा ने कहा की सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के अद्भुत संगठन क्षमता, अटूट राष्ट्रनिष्ठा और दूरदर्शी नेतृत्व का ही परिणाम था कि 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर उन्होंने अखंड भारत की नींव रखी। सरदार पटेल जी का जीवन हमें एकता, समरसता और अटल राष्ट्रभक्ति का वह अमूल्य संदेश देता है, जो आज भी प्रत्येक भारतीय के हृदय में प्रेरणा बनकर गूंजता है। राष्ट्रीय एकता दिवस पर आज आयोजित 'रन फॉर यूनिटी' मात्र एक दौड़ नहीं, अपितु यह एकता का प्रतीक, सद्भाव का संदेश और राष्ट्रगौरव का जीवंत उत्सव है, जो पटेल जी के 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के स्वप्न को साकार करने का सामूहिक संकल्प है। शिवरतन शर्मा ने कहा की एकता दौड़ में उत्साहपूर्वक भाग लें रहे आप सभी का हर कदम न केवल शारीरिक ऊर्जा का प्रतीक होगा, बल्कि यह हमारे राष्ट्र की एकता, अखंडता और साझा संकल्प को और सुदृढ़ करेगा। आइए, हम सब मिलकर 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के मंत्र को अपने कर्म और संकल्प से साकार करें। राष्ट्रीय एकता दिवस' हमें यह स्मरण कराता है कि जब देश के प्रत्येक नागरिक का उद्देश्य एक हो, तो कोई भी चुनौती हमें विभाजित नहीं कर सकती। आइए, हम सभी सरदार पटेल जी के आदर्शों से प्रेरित होकर सशक्त भारत और विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लें। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, जिला उपाध्यक्ष सुनील यदु, महाबल बघेल, कैलाश बालानी सहित अधिकारीगण एवं मैराथन प्रतिभागी उपस्थित रहे।






### सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती पर हुई रन फॉर यूनिटी

सिमगा । देश प्रथम उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती को जिला पुलिस प्रशासन द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाते हुए पुरे जिले के सभी पुलिस थानों के द्वारा रन फार यूनिटी का आयोजन किया गया। शुक्रवार को सुबह 7 बजे सिमगा में रिमझिम फुहारों के बीच 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया गया। जिसमें जनप्रतिनिधियों के साथ पत्रकार, कर्मचारी और युवाओं ने दौड़ लगाकर एकता का संदेश दिया सिमगा टीआई रितेश मिश्रा ने जय स्तंभ चौक से रन फॉर यूनिटी को हरी झंडी दिखाकर दौड़ को प्रारम्भ किया। दौड़ जय स्तंभ चौक से प्रारम्भ होकर तिल्दा रोड स्थित विश्राम गृह में सम्पन्न हुआ। यहां आयोजित कार्यक्रम में टीआई मिश्रा ने उपस्थित लोगों को एकता एवं अखंडता की शपथ दिलाते हुए कहा कि भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्ल्भ भाई पटेल की 150 वीं जयंती पर आयोजित एकता दौड़ में आप सबकी सहभागिता रही। सरदार पटेल ने देशी रियासतों का एकीकरण कर देश की अखंडता और एकता को मजबूत किया। हमें उनके सन्देश को आत्मसात कर देश की एकता अखंडता व आपसी भाईचारा को कायम रखना है। अंत में उपस्थित प्रतिभागियों को फल वितरण किया गया।



### सर्वसमाज ने लगाई एकता दौड़, दिया अखंडता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

शिवरीनारायण में देश के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर नगर पंचायत शिवरीनारायण के मेला ग्राउंड में राष्ट्रीय एकता दिवस बड़े ही उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के सभी वर्गों के लोग छात्र-छात्राएं, अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, व्यापारी बंधु एवं समाज के प्रबुद्ध नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और एकता व अखंडता का संदेश दिया, कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं राष्ट्रीय एकता शपथ दिलाकर किया गया। इसके बाद रन फॉर यूनिटी की शुरुआत महानदी किनारे श्रीराम जी की प्रतिमा से हुई, जो कि रपटा घाट मार्ग, अंबेडकर चौक, मुख्य मार्ग, बॉम्बे मार्केट, वीडियो चौक और नटराज चौक से होते हुए पुनः मेला ग्राउंड शिवरीनारायण में संपन्न हुई, दौड़ के दौरान प्रतिभागियों ने एक भारत श्रेष्ठ भारत और सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां हमारा जैसे नारों से पूरे नगर को गुंजा दिया, नगरवासियों ने भी जगह-जगह खड़े होकर धावकों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी, पुलिस विभाग, विद्यालयों के शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य देश में एकता, अखंडता और राष्ट्रीय समरसता को सुदृढ़ बनाना और समाज के सभी वर्गों को एक सूत्र में बांधना रहा, कार्यक्रम का समापन सरदार वल्लभभाई पटेल जी के आदर्शों को अपनाने तथा देश की एकता और अखंडता में योगदान देने के संकल्प के साथ किया गया।



### गिधौरी में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम आयोजन

**गिधौरी।** गिधौरी में शुक्रवार सुबह 7 बजे राष्ट्रीय एकता दिवस पर रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें गिधौरी थाना के पुलिस स्टाफ एवं गिधौरी के मीडिया पत्रकार सहित जनप्रतिनिधियों एवं बच्चों ने भाग लिया गया। उक्त कार्यक्रम में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित में देश की एकता, अखंडता को अक्षुण रखने, देशवासियों में एकता की भावना को मजबूत करने रन फॉर बं कार्यक्रम पश्चात साइबर सुरक्षा, यातायात जागरूकता एवं नशा मुक्ति विषयों पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके तहत उक्त विषयों पर सदैव जागरूक रहने एवं सावधानी बरतने हेतु विभिन्न सुरक्षा बिंदुओं तथा यातायात के समस्त नियमों का पालन करने के गिधौरी में रन संबंध में जानकारी दिया गया। रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ भी दिलाया गया। इस कार्यक्रम में सरपंच गिधौरी देवप्रसाद केवंट, जनपद सदस्य रमेशवर वर्मा, युवा मीडिया पत्रकार से विनोद केशरवानी, मदनलाल खाण्डेकर, बृजेश पटेल प्रकाश यादव, आशीष पटेल, एवं बीरबल पटेल, गौतम नोनीया, प्रेमनारायण अहिरवार, जग्गा केवट, रामा केवट मुकुट वर्मा, उमेश साहू, राजेश यादव, आर्यन पटेल एवं गिधौरी पुलिस स्टाफ मौजूद थे।

# देवउठनी एकादशी का पर्व आज, गन्ने का सजा बाजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

दीपावली के बाद से लगातार त्योहारों का दौर जारी है। ऐसे में गुरुवार को आंवला नवमी को लेकर लोगों में काफी उत्साह था। वही शनिवार को देवउठनी मनाई जाएगी जिसको लेकर एक दिन पहले से ही लोग गन्ना सहित अन्य फल फूलो की खरीदी शुरू कर दिया है। इस बार एक दिन पहले से ही बाजार सहित सड़क किनारे बड़ी संख्या में गन्ने की बिक्री हो रही है।

गौरतलब हो कि इस बार एक नवंबर दिन शनिवार को देवउठनी एकादशी मनाया जा रहा है। इसके लिए एक दिन पहले से ही बाजार में बड़ी मात्रा में गन्ना पहुंच गया है जिसे लोग एक दिन पहले से ही खरीदी शुरू कर दिया है। गन्ना बेच रहे व्यवसायी गोपाल जायसवाल ने बताया कि 10 रुपये से लेकर 60 रुपये नग एवं 60 से 100 रुपए जोड़ी तक गन्ना बेच रहे हैं।



समय से पहले और बेमौसम बारिश के चलते इस वर्ष गन्ना की उत्पादन व परिपक्व में कमी आई है। अर्जुनी से लोकनाथ यदु, टोनाटार सरपंच विष्णु कोसले, अर्जुनी उपसरपंच विष्णु साहू, शत्रुघ्न रजक, राजेंद्र रजक, गेंदराम वर्मा, रामकुमार जायसवाल, शैलेंद्र जायसवाल, मेघु रजक, झड़ीराम कनौजे, ऋषि साहू, केजराम यादव, सुनील कुर्रे, लोकेश कनौजे ने बताया कि हिंदू धर्म में कार्तिक शुक्ल एकादशी को देव जागरण का पर्व माना गया है। इस दिन श्री हरि भगवान विष्णु अपनी चार महीने की योगनिद्रा से जाग जाते हैं। इस पावन तिथि को देवउठनी ग्यारस या देव प्रबोधिनी एकादशी भी कहते हैं। 4 महीने से विराम लगे हुए मांगलिक कार्य शनिवार से शुरू हो जाएंगे।

गन्ने से सज गया बाजार - गौरतलब है कि देवउठनी एकादशी पर हिंदू धर्म में माता तुलसी के समक्ष गन्ने का मंडप बनाकर पूजा की जाती है। जिससे गन्ना शकरकंद सिंघाड़ा सहित अन्य फलों की विशेष महत्व होता है। ऐसे में एक बार एक दिन पहले से ही बाजार पुरी तरह सज गया है।

## प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला पैजनी में न्योता भोज का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंडा

ग्राम पंचायत पैजनी के शासकीय प्राथमिक शाला पूर्व माध्यमिक शाला में स्वर्गीय सीताराम वर्मा स्मृति में न्योता भोज का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजा अर्चना एवं दीपप्रज्वलित के साथ किया गया।यह कार्यक्रम उनकी धर्म पत्नि दूजबाई वर्मा एवं उनकी सभी बेटियों के सौजन्य से किया गया। गीता कश्यप ने बताया कि सीताराम वर्मा एक अच्छे और मिलनसार इंसान थे। वे जीवन में सदैव बच्चों के प्रति लगनशील रहे।

वे बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ उनकी प्रगति के बारे में बच्चो से पालकों से एवं समय समय पर शाला में आकर शिक्षकों से चर्चा करते रहते थे। साथ ही शाला के प्रधानपाठक चूड़ामणि वर्मा संकुल समन्वयक समारु दास बांधे ने बताया कि उनके द्वारा अपने जीवन काल में प्रतिवर्ष बच्चों के उत्साहवर्धन के लिये कक्षा 5वी, 8वी, 10वी एवं 12 वी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओ को सम्मान स्वरूप राशि एवं प्रसस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित करते थे। जिनसे बच्चों के मन में पढ़ाई के प्रति जागरूकता बढ़ती थी, बच्चे मन लगाकर पढ़ाई करते थे, साथ ही शासकीय प्राथमिक शाला जुड़ा के प्रधानपाठक शत्रुहन प्रसाद यादव एवं गांव के पूर्व सरपंच हलधर वर्मा ने उनके व्यक्तिगत एवं समाजिक जीवन के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। साथ ही उनके पूरे परिवार की ओर से स्व.सीताराम वर्मा की स्मृति में शाला परिवार को लेक्चरर स्टैंड एवं साउंड बॉक्स भेंट किया गया एवं शाला परिवार की ओर से दूजबाई वर्मा को शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अर्चना वर्मा ,रीता कश्यप, गीता कश्यप, विमला वर्मा ,सरिता वर्मा, लता वर्मा, भरत कश्यप, कमलेश वर्मा, खिलावन वर्मा, शाला विकास समिती के अध्यक्ष रमेशरी वर्मा, पालकों में संजय टंडन, रेशमलाल वर्मा, गंगादयाल वर्मा, विजय वर्मा, प्रधानपाठक संतोष कुमार पैकरा, भागवत प्रसाद चंद्राकर, शिक्षक लोमश कुमार कोसरे, विनोद कुमार पटेल, नरेंद्र कुमार साहू, अरुण कुमार रात्रे, शिक्षिका सुकृता सेन, सुनीता ध्रुव, ज्यामिति यदु, दीपमाला तिवारी, हुलसी वर्मा, गीतांजली पटेल, मनोज कुमार वर्मा, लक्ष्मीनारायण वर्मा एवं शाला के समस्त बच्चे व रसोईया उपस्थित थे। इस नेक कार्य के लिये शाला परिवार की ओर से दान दाता को सधन्यवाद प्रेषित कर आभार प्रकट किया गया।

### रावण भाटा केसला विद्यालय में रंगारंग कार्यक्रम, मेधावी छात्रों को मिला सम्मान



**खरोरा।** दीपावली पर्व के उपरांत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं नवीन प्राथमिक शाला रावण भाटा केसला में सामुदायिक सहभागिता के साथ एक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा पहली से आठवीं तक अध्ययनरत बच्चों में प्रत्येक कक्षा के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को समाजसेवी अशोक वर्मा द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा संक्षिप्त सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई, जिसके पश्चात सभी बच्चों को चॉकलेट वितरण कर मिठास और खुशियाँ बांटी गईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता एस.एम.सी. अध्यक्ष लक्ष्मण देवांगन ने की। उन्होंने विद्यालय परिवार की सराहना करते हुए विजेता बच्चों को बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रधानपाठक रमेश कुमार वर्मा द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में प्रतिस्पर्धा और उत्साह की भावना को प्रोत्साहित करते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का सराहनीय सहयोग रहा।

## महिलाओं ने मनाई आंवला नवमी आंवला पेड़ की पूजा - अर्चना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

महिला पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में नगर पंचायत के गायत्री मंदिर परिसर में आंवला नवमी तथा दिवाली मिलन का आयोजन किया गया। जिला प्रभारी मीना साहू ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन के लिए हमारे भारतीय संस्कृति में पेड़ पौधों का पूजन का विधान है ।

जैसे आज आंवला नवमी है, आंवला की पूजन करने से लंबी आयु जीवन में आती है। सुख और समृद्धि आरोग्य और स्वस्थ जीवन के लिए श्रद्धापूर्वक आंवला और



नवमी का व्रत करना चाहिए। पारिवारिक एवं संतान सुख प्रदान करने वाले अक्षय नवमी पर्व पूरे समाज को मिलजुल कर मानना चाहिए। हमारी संस्कृति प्रकृति से जुड़ी हुई है ऐसे ही देवउठनी एकादशी को तुलसी पूजन का विधान है। इस अवसर पर पूर्व जनपद सदस्य भारतीय वर्मा, मीना साहू, हेमलता कन्नौजे, मधु रानी सर सरशिहा, कांति साहू, वैभवी देवांगन, खुमेश्वरी वर्मा, तोषण साहू, सती वर्मा, पद्मिनी ध्रुव, दीपा ध्रुव, पूर्णिमा बघेल शामिल रहीं।

## जीएनए महाविद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन

**भाटापारा।** शासकीय जी एन ए महाविद्यालय भाटापारा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा "राष्ट्रीय एकता में सरदार पटेल का योगदान" विषय पर संगोष्ठी का आयोजन प्राचार्य आनंद कुमार मिंज के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरदार पटेल की प्रतिमा में दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि के साथ हुआ। मुख्य वक्ता प्रशांत वर्मा ने अपने संबोधन



में कहा कि सरदार पटेल ने न केवल भारत के राजनीतिक एकीकरण का कार्य किया, बल्कि उन्होंने युवाओं में राष्ट्रीय कर्तव्य की भावना भी जगाई। मुख्य अतिथि अविनाश शर्मा ने कहा कि आज के समय में सरदार पटेल के आदर्श और दृढ़ नेतृत्व शैली हम सबके लिए प्रेरणास्रोत हैं। जनभागीदारी अध्यक्ष श्रेणिक गोलछा ने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। प्राचार्य डॉ. आनंद कुमार मिन्ज ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शित करते हुए कहा कि एकता, अनुशासन और सेवा ही सच्चे विद्यार्थी का धर्म है।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज़
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130




संकलनकर्ता : संजीव तिवारी, राजीव तिवारी (संवाददाता) हरिभूमि भाटापारा, मो. 9827166722, 9926291392




खेल महोत्सव : रस्साकसी, कबड्डी, वालीबॉल, दौड़ सहित अन्य खेलों में युवाओं ने दिखाया दमखम

# खिलाड़ियों का उत्साह बारिश पर पड़ा भारी, प्रतिभागियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

नगर पंचायत भटगांव के खेल मैदान में 31 अक्टूबर को जोन स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। जांजगीर चांपा लोकसभा क्षेत्र के युवाओं में खेल भावना जगाने और ग्रामीण स्तर के प्रतिभाओं को पहचान देने के उद्देश्य से तथा फिट इंडिया मूवमेंट को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सांसद खेल महोत्सव का आयोजन सांसद के निर्देशन में सम्पन्न कराया जा रही है।

कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर पूजा अर्चना कर शुरुआत की गई। इसी तारतम्य में आज नगर पंचायत भटगांव के खेल मैदान में खेल महोत्सव का शुभारंभ हुआ। ग्रामीण स्तर से लेकर जिला स्तर की इस प्रतियोगिता में प्रतिभागी जोन स्तरीय खेल में चयन होकर 3 नवम्बर के होने वाले ब्लॉक स्तरीय खेलकूद में भाग ले के जिला स्तर पर आयोजित फाइनल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस तरह चरणबद्ध तरीके से प्रत्येक स्तर पर खिलाड़ियों की प्रतिभा सामने आएगी। वहीं मैदान में युवाओं के जोश और खेल भावना ने यह साबित कर दिया कि बारिश भी उनके उत्साह को कम नहीं कर सकती। खेल की शुरुआत रिमझिम बारिश के बीच सेजेस स्कूल भटगांव के खेल मैदान में शुक्रवार को खेल महोत्सव का आयोजन जोश एवं उत्साह के साथ हुआ था।

भटगांव में जोन स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन



### पारंपरिक और आधुनिक खेल प्रतियोगिताएं हुईं

सांसद खेल महोत्सव में विभिन्न आयु वर्गो के लिए पारंपरिक से लेकर आधुनिक खेलों तक की प्रतियोगिताए रखी गई। इनमें 100 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, कबड्डी, बैडमिंटन, रस्साकसी, खो खो, स्केटिंग, क्रिकेट, कुश्ती, और वॉलीबॉल, गैंडी दौड़, गिल्ली डंडा शामिल है। ऑनलाइन पंजीयन की सुविधा प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों को 20 सितंबर तक पंजीयन कराना था। पंजीकरण प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन रखी गई थी। ताकि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्र के प्रतिभागी आसानी से जुड़ सकें। ऑनलाइन पंजीयन की लिंक का भी प्रचार प्रसार किया गया था।

**अतिथियों ने भी आजमाए हाथः** खेल महोत्सव में आए अतिथियों ने भी अपने उत्साह में खेल खेलने के लिए नहीं रोक पाए। खिलाड़ियों के साथ खेलने के लिए मैदान पर उतरकर हाथ आजमाया। रस्साकसी कबड्डी खेल कर खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन किए। खेल महोत्सव में इनकी रही उपस्थिती भाजपा मंडल भटगांव व विभिन्न विद्यालयों के शारीरिक शिक्षक कोच सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी खिलाड़ी मौजूद रहे।

## सेमरिया में फार्म स्कूल कृषक प्रशिक्षण एवं जैविक दवा खाद का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

एक्सटेंशन रिफार्म्स आत्मा योजनांतर्गत ग्राम सेमरिया में खरीफ में उड़द का प्रदर्शन लगाया गया था। उसी का फार्म स्कूल दिवस का आयोजन कृषक प्रशिक्षण के रूप में किया गया।

वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कृष्ण कुमार साहू ने कृषि विभाग की योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए लाभ लेने की अपील की। प्रशिक्षक पी के घृतलहरे सेवानिवृत्त वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ने रबि में दलहन तिलहन की खेती धान फसल के बाद भरपूर लगाने का अनुरोध करते हुवे वैज्ञानिक तकनीक से अवगत कराया। सिंचित, असिंचित एवं उतेरा विधि में खेती करने की व्यवहारिक जानकारी दी। जैविक खेती मिशन की सभी पहलुओं को बारीकी से अवगत कराते हुये बिना रासायनिक खाद व दवा के जैव उत्पादों से कम लागत में अधिक आमदनी लेने का गुर सिखाये। बी टी एम प्रकाश थवाईत ने बीजामृत, जीवामृत नीमास्त्र, आग्नेयास्त्र, ब्रम्हास्त्र जैविक दवा बनाने की विधि बतलाये। जैविक आदान का वितरण सरपंच ब्रज किशोर अजगले, पंच हरिशंकर साहू, खगेश्वर साहू के द्वारा किया गया।



### ये हुए शामिल

प्रशिक्षण में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी दीनानाथ साहू, आर आर टोप्पो, आकाश चंद्रा मौजूद रहे। कृषक के रुप में जनक साहू, हरिशंकर साहू, श्यामलाल साहू, रविशंकर कुर्रे, सम्मेलाल साहू, विजय साहू, मनोज साहू, आशीष कुमार, मालिक राम साहू, राजेन्द्र साहू, भगाऊराम यादव, विश्राम साहू, अमृत साहू, मुनीराम साहू, रामदियाल साहू, खगेश्वर साहू, कुशल, गौतम, उदेराम, संतराम, प्रदीप, देवनाथ साहू आदि शामिल रहे।

## खबर संक्षेप



### गुरु घासीदास मंदिर में हो रही गुरु गद्दी पूजा- अर्चना

**बंगोली** | ग्राम धनसुली में गुरुघासी दास मंदिर की स्थापना की गई है। मंदिर पुजारी घासी घृतलहरे द्वारा आजीवन गुरु गद्दी पूजा अर्चना, दीप प्रज्वलित किया जा रहा है | मंदिर की देखरेख व्यवस्था सार्वजनिक रुप से की जा रही है।

### आज भी पौनी पसारी प्रथा का प्रचलन



खरोरा | कोसरंगी, ग्रामीण अंचलों में आज भी पौनी पसारी प्रथा का प्रचलन बहुत जोरो पर है चाहे नाई हो, लोहार हो, यादव हो अपने कर्म छेत्र में डटकर अपने अपने कार्यों को बखूबी से अंजाम दे रहे है। वही गांव के लोग भी ,इस आधुनिकता की चकाचौंध से दूर रहकर सदियों से चले आ रहे परंपरा का निर्वहन कर रहे हैं। गांव के टोनू सेन, रोशन सेन ने बताया कि यह काम को करने में हमें खुशी होती की हमारे दादा, परदादा ने जो काम किया और हमें सिखाया उस रास्ते पर हम लोग चल रहे हैं। वही युवा वर्ग के अलावा सभी लोग जमीन पर बैठकर अपना हजामत बनवाते है चाहे दुख सुख का काम हो, छट्टी हो या फिर विवाह समारोह। उन्होंने आगे बताया हम लोग साल भर के लिए लग जाते और समय पूरा होने पर छुट्टी हो जाती है। अपने काम के एवज में ग्रामीणों द्वारा धान या पैसा देकर सम्मानित किया जाता है।

### कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता बनाए रखने की शपथ दिलाई

**बलौदाबाजार**। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आज कलेक्टर दीपक सोनी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। अधिकारी-कर्मचारियों ने शपथ ली कि ''राष्ट्र की एकता, अखंण्डता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूं। जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने की भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूं।

## रामायण कार्यक्रम में पूर्व संसदीय सचिव चंद्रदेव राय शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

लोकप्रिय जननायक, सात्विक उच्च विचार के धनी चंद्र देव राय गुरुजी पूर्व संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ शासन ने आज क्षेत्र के ग्राम नवीन अमलीडीह गिधौरी में आयोजित अखंड नवधा रामायण पाठ कार्यक्रम में अतिथि के रूप में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर राय जी ने सर्वप्रथम भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र जी का पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की खुशहाली सुख शांति समृद्धि के लिए कामना की। इस पावन अवसर पर भैया हेमंत दुबे (प्रतिनिधि), प्रदेश सचिव छत्रसाल साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गीता राम पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष भागवत साहू, पूर्व अध्यक्ष परमानंद साहू, सरदिश पटेल, सरपंच जवाहिर प्रधान, शिव कश्यप, धरम वर्मा, पवन पटेल, राम चरण प्रधान, पत्तू प्रधान, भुवन प्रधान सहित सैकड़ों मानस प्रेमी भक्तजन उपस्थित रहे। भगवान श्रीराम जी के आदर्शों से प्रेरित यह आयोजन समाज में भक्ति, एकता और सद्भावना का सुंदर संदेश देता है। आयोजकों को इस सफल एवं श्रद्धामय कार्यक्रम के लिए हार्दिक शुभकामनाएं।



## पलारी में अधिवक्ता संघ का दीपावली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

अधिवक्ता संघ पलारी द्वारा स्थानीय तहसील कार्यालय स्थित सभाकक्ष में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पलारी दीपक कुमार निकुंज, नायब तहसीलदार ईश्वर प्रसाद केवट एवं उप पंजीयक पलारी मंजूषा मिश्रा शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दीपावली मिलन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए दीपावली की शुभकामनाएं प्रेषित किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता पोषण पटेल द्वारा किया गया। अधिवक्ता संघ पलारी अध्यक्ष सम्पत साहू ने आभार व्यक्त करते हुए दीपावली की बधाई देते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी को धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर अधिवक्ता संघ अध्यक्ष सम्पत साहू, महेंद्र भारद्वाज, अगरदास बंजारे, बिमला साहू, पोषण पटेल, डी. एस. बघेल, पुनाराम वर्मा, त्रिलोक कुमार वर्मा, दीपक साहू, कृष्ण कुमार सोनवानी, गिरधर माण्डले, टिकेश्वरी वर्मा, धर्मेंद्र वर्मा, राजेंद्र कुमार मजूमदार, ईश्वरी प्रसाद वर्मा, युगल किशोर वर्मा, विजया कुमारी पटेल, अखिलेश वर्मा, अविनाश वर्मा, धनराज कोसले, मुन्ना लाल सोनवानी, डी .के. बनर्जी, डोमार सिंह खंडेलवाल, धर्मेंद्र मनहरे मौजूद थे।



## गौवंशीय पशुओं के अंतिम संस्कार के लिए करें स्थल चिन्हांकितः सोनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर श्री दीपक सोनी ने गौधाम योजना के तहत गठित जिला और विकास खंड स्तरीय समितियों की प्रथम बैठक ली। बैठक मे सर्वप्रथम गौधाम योजना के तहत गठित जिला स्तरीय समिति के सदस्य एवं विकासखंड स्तरीय गठित समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य एवं पदेन सदस्य एवं सचिव को शपथ दिलाई गई।जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल ने सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।

कलेक्टर श्री सोनी ने समिति के सदस्यों का स्वागत करते हुए उन्हें भविष्य में बेहतर कार्य करने के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान जिले में गौ धाम योजना में बेहतर क्रियान्वयन हेतु आगामी कार्ययोजना पर चर्चा भी की गई। बैठक में समिति के सदस्यों के सुझाव पर श्री सोनी ने गौवंशीय पशुओं की मृत्यु पश्चात उनके अंतिम संस्कार हेतु स्थलों का चिन्हांकन करने के निर्देश भी दिए। श्री सोनी ने समिति के कहा कि आप सभी अपने क्षेत्रों में किसानों से अपील करें कि वे धान की पराली जलाने के स्थान पर गौ धाम में दान करें। जिले के प्रत्येक विकासखण्ड को डी.एम.एफ. मद के तहत प्रदाय किये गये काऊ कैचर का समुचित उपयोग एवं मृत पशुओं के शव का विधिपूर्वक दफनाने हेतु प्रत्येक विकासखण्ड में जमीन चिन्हांकित करने के निर्देश दिये। गौधाम संचालन हेतु प्राप्त आवेदनों को शीघ्र अनुमोदन उपरान्त पंजीयक गौ सेवा आयोग को प्रस्ताव प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया।

## सरसेनी में रजत जयंती वर्ष पर कृषक प्रशिक्षण व बीज वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अल्ट्राटेक रावन सीएसआर एवं शासकीय कृषि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम सरसेनी में रजत जयंती वर्ष के अवसर पर कृषक प्रशिक्षण एवं बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयंत्र प्रमुख राजेश कुमार एवं मानव संसाधन प्रमुख करन मिस्त्री के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर 87 से अधिक किसानों ने भाग लिया, जिनमें चयनित किसानों को उन्नत श्रेणी के सरसों बीज निःशुल्क वितरित किए गए।



कार्यक्रम में कृषि विभाग से जी. एम. तारम, सचिन वर्मा, पुष्पांजली बंजारे, खेमलता वर्मा, योगेश मंढरिया, देवचरण वर्मा, हेमकुमार देवांगन, उद्यानिकी विभाग से पी. आर. टैगोर, मत्स्य विभाग से वायल रॉबर्ट तथा पशुधन विभाग से गोपाल पटेल एवं ममता वर्मा उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने किसानों को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी तथा अधिकाधिक लाभ लेने हेतु प्रेरित किया।

प्रशिक्षण सत्र में किसानों को खरीफ एवं रबी फसलों की आधुनिक खेती पद्धतियों, मिट्टी परीक्षण, मौसम आधारित फसल प्रबंधन, मत्स्य पालन, पशु प्रबंधन एवं फल-फूल-सब्जी की उन्नत खेती के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। ग्रामीणों एवं किसानों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों से उन्हें नई तकनीकों को अपनाने और कृषि उत्पादन बढ़ाने में महत्वपूर्ण सहायता मिलती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीएसआर प्रमुख विनोद श्रीवास्तव, अधिकारी रंजय पांडेय तथा टीम के सदस्य सुरेन्द्र यादव, द्वारिका वर्मा, जानकी यादव, हेमलता ध्रुव, टोपेश्वर मानिकपुरी, रमा वर्मा और साहिल बंदे का विशेष योगदान रहा।

## कंजी में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में समाज कल्याण विभाग ने शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार द्वारा ग्राम कंजी में नई दिशा अभियान के तहत नशे से मुक्ति हेतु जागरूकता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नशे के दुष्प्रभाव एवं नशे से होने वाली परेशानियों के बारे में छात्रों को अवगत कराया गया एवं नशा मुक्ति हेतु शपथ दिलाई गई। जिला प्रशासन द्वारा जिला चिकित्सालय से नशे के दुष्परिणाम की जानकारी एवं मनोविकास हेतु परामर्श, हम होंगे कामयाब के तहत रोजगार हेतु पोर्टल में क्यु.आर. स्कैन में पंजीयन, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिला उत्पीड़न, लैंगीग अपराध के संबंध में जानकारी दी गई।

## स्कूल में मनाया छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

नगर में संचालित हैलो किड्स जीनियस हाइट्स स्कूल में छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम भारत माता की पूजा अर्चना की गई। पश्चात विद्यार्थियों ने भारत माता पर कविता प्रस्तुत की। वहीं बच्चों द्वारा कॉपी पर भारतमाता का चित्र बनाया गया। स्कूल हेड भाग्य श्रीचंदन साहू ने छत्तीसगढ़ के 25 वर्ष पूर्ण होने पर बच्चों को छत्तीसगढ़ की अलौकिक धरोहरों, जल, जमीन और जंगल आदि अनेकों किवदंतियों के बारे में विस्तार से बताया।



हरिभूमि माह अक्टूबर 2025 का मासिक बिल

| दिन | दर | राशि |
| --- | --- | --- |
| 29 दिन | 5.00 | 145.00 |
| | कुल | 145.00 |

हरिभूमि के सुधि पाठक अक्टूबर 2025 का अखबार बिल अपने एजेंट के पास 06 तारीख तक जमा कर सहयोग करें।
व्यवस्थापक













